दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

वर्ष-12, अंक-79 बुधवार 22 मार्च, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

हिन्दी दैनिक

# अग्रवाल कॉलेज में लगाया गया निःशुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर

**बल्लभगढ, 21 मार्च, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज में यूथ रैड क्रॉस इकाइयों के द्वारा थैलासैमिक्स इंडिया दिल्ली, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी केंद्रीय शाखा नई




दिल्ली व फाउंडेशन अगेंस्ट थैलीसैमिया, फरीदाबाद इंडिया के सहयोग से निःशुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी का इस तरह के शिविरों के आयोजन की पीछे जो उद्देश्य है व सभी को स्वस्थ रखना है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और स्वस्थ विद्यार्थी ही स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी दे सकते हैं।

फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के जनरल सेक्रेटरी श्री रविंद्र डुडेजा जी ने सभी को बताया कि अगर थैलेसीमिया कैरियर पुरुष की शादी थैलेसीमिया कैरियर महिला से हो जाए तो उनके बच्चे के थैलेसीमिया ग्रसित होने की संभावना बहुत अधिक होती हैं इसलिए ये शिविर मानव कल्याण के लिए एक वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया की थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों को हर 15 से 20 दिनों में खून चढ़ाया जाता है और अब से पहले जागरूकता के अभाव के कारण ऐसे बच्चों की 10 से 12 वर्ष की उम्र में ही मृत्यु हो जाती थी। थैलेसीमिया की जांच व जागरूकता ऐसे बच्चों के जन्म को रोकने में मदद करती है। शिविर के आयोजन में फाऊंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान श्री हरीश रतरा, मेंबर जे.के. भाटिया व कोषाध्यक्ष नीरज कुकरेजा जी का भी सहयोग रहा। शिविर में विशेष सहयोग करने वाले स्वयंसेवकों को शिवालिक सी एस आर फाऊंडेशन के द्वारा टी-शर्ट वितरित की गईं। गौरतलब है कि शिविर में 153 विद्यार्थियों ने जांच कराई। शिविर का आयोजन प्राचार्य जी की सद्प्रेरणा से हुआ व इसमें महाविद्यालय के यूथ रैड क्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह, काउंसलर पूजा, सुभाष कैलोरिया व लवकेश की विशेष भूमिका रही।